पत्रांक–8म०भो०/को०–13/07 890 /

**बिहार, सरकार**

**शिक्षा विभाग**

प्रेषक,

अजय कुमार
विशेष कार्य पदाधिकारी,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला प्रभारी पदाधिकारी,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांकः 21.6.12

विषयः दिनांक 28.06.2012 एवं 29.06.2012 को भारत सरकार द्वारा तैयार किया गया MIS के प्रशिक्षण एवं मासिक बैठक के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दिनांक 28.06.2012 एवं 29.06.2012 को भारत सरकार द्वारा तैयार की गई MIS Portal के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण भारत सरकार द्वारा प्रतिनियुक्त केन्द्रीय प्रशिक्षण दल द्वारा विकास भवन स्थित डॉ० मदन मोहन झा स्मृति सभागार में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक दिया जाएगा।

2. प्रशिक्षण में प्रभारी पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन योजना अपने अतिरिक्त एक प्रखंड साधन सेवी, जिन्हें कम्प्यूटर की अच्छी जानकारी हो के साथ उक्त प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

3. प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी पदाधिकारी अपने साथ लैपटॉप और डाटा कार्ड लेकर उपस्थित होगें।

4. दिनांक 28.06.2012 के प्रथम सत्र में निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना द्वारा जिले में मध्याह्न भोजन योजना के प्रगति के संबंध में एक समीक्षात्मक बैठक की जाएगी। बैठक से संबंधित एजेंडे को ई–मेल के माध्यम से सभी जिला प्रभारी पदाधिकारी को उपलब्ध करा दिया जाएगा। एजेंडा के अनुसार प्रतिवेदन निश्चित रूप में दिनांक 25.06.2012 तक निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

21/6/12

**(अजय कुमार)**
विशेष कार्य पदाधिकारी,
मध्याह्न भोजन योजना,
बिहार, पटना।